# कार्यालय–जिलाधिकारी, उत्तरकाशी।

संख्या– 5/गंगो/तेरह–आ0प्र0/2023 दिनांक–22 मई, 2023

सेवा में,

उप निदेशक,
गंगोत्री नेशनल पार्क,
उत्तरकाशी।

संख्या– 5/गंगो/आ0प्र0प्राधि0/2022 दिनांक–22 मई, 2023

**विषय–** **मा0 उच्च न्यायालय, नैनीताल में ओजित जनहित याचिका संख्या–148/2017 अजय गौतम बनाम राज्य के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक शासन के पत्र संख्या 34-W/XVIII-B-1/2023-11(18)/2012 दिनांक 16 मई, 2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। पत्र के द्वारा अवगत कराया गया है कि मा0 उच्च न्यायालय में योजित जनहित याचिका संख्या 148/2017 अजय गौतम बनाम राज्य में सुनवाई दिनांक 28.07.2022 के माध्यम से प्रकरण को डिस्पॅज ऑफ किया गया है तथा पारित प्रस्तर–5 एवं 6 का शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर निम्नानुसार अनुपालन सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं–

मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के क्रम में गंगोत्री ग्लेशियर की सालभर नियमित निगरानी की जानी है। विशेष रूप से मई से सितम्बर माह एवं बेमौसमी बारिश की स्थिति में हर माह कम से कम एक बार क्षेत्र की रिर्पोट इस कार्यालय को उपलब्ध कराया जाना है। जिससे इस कार्यालय द्वारा शासन को रिर्पोट प्रेषित की जा सके।

अतः मा0 न्यायालय के उक्त आदेशानुसार तथा शासन के निर्देश के क्रम में गंगोत्री हिमनद (Gangotri Glacier) के सम्भरण क्षेत्र का समय–समय पर सर्वेक्षण एवं निरन्तर निगरानी रखते हुये उक्त संदर्भित क्षेत्र के सम्बन्ध में समय–समय पर आख्या इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

अपर जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

प्रतिलिपिः *निम्नांकित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।*

1. उप जिलाधिकारी, भटवाड़ी।
2. अधिशासी अभियंता, सिंचाई खण्ड, उत्तरकाशी।

अपर जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।
22/5/23

CamScanner

प्रेषक,

जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

सेवा में,

सचिव,
आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग,
उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।

संख्याः– 631/ /तेरह–आ0प्र0प्राधि0/2020–21 दिनांक 21 नवम्बर, 2022

विषयः– **गौमुख क्षेत्र का सर्वेक्षण आख्या प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक विगत वर्ष भागीरथी नदी घाटी में स्थित गंगोत्री हिमनद (Gangotri Glacier) के सम्भरण क्षेत्र में भूस्खलन के कारण झील बनने की सूचना पर पर मा0 उच्च न्यायालय एवं शासन द्वारा उक्त क्षेत्र में सम्भावित जोखिम की सर्तकता के दृष्टिगत निगरानी हेतु दिये गये निर्देशानुसार जनपद स्तर से उक्त क्षेत्र का समय–समय पर सर्वेक्षण करवाया जाता है। इसी क्रम में वन विभाग के दल से दिनांक 16.11.2022 एवं दिनांक 17.11.2022 को उक्त भोजवासा/गोमुख क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण करवाया गया है।

उक्त निरीक्षण दल/क्षेत्रीय वनाधिकारी, गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क, उत्तरकाशी के संलग्न पत्र संख्या– 661/1–13/कोटबंगला दिनांक 21.11.2022 के द्वारा प्रस्तुत स्थलीय निरीक्षण आख्या के द्वारा अवगत कराया गया है कि गौमुख से भागीरथी नदी का प्रवाह पूर्वत दिशा एवं स्थिति में अपने बहान में निरन्तर बह रही है, नदी के बहान में किसी भी प्रकार का कोई परिवर्तन नहीं है और ना ही गौमुख क्षेत्र में भौगोलिक परिस्थिति में कोई परिवर्तन देखने में आया है।

अतः उक्त निरीक्षण की आख्या संलग्न कर सादर सेवा में प्रेषित है।

संलग्न–यथोपरि

भवदीय,

अपर जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

प्रतिलिपिः– अधिशासी निदेशक, राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, उत्तराखण्ड, देहरादून की सेवा में सूचनार्थ प्रेषित।

अपर जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।
21/11/22

CamScanner

GOTRI
NAL PARK

# कार्यालय वन क्षेत्राधिकारी गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क, गंगोत्री राजि।

Div. Office at: Forest Colony (Kotbanglow) Dist. Uttarkashi,
Email- ddgangotrinationalpark@gmail.com

पत्रांक : 661 / 1–13 कोटबंगला, दिनांकः 21, नवम्बर, 2022

सेवा में,

जिलाधिकारी
उत्तरकाशी।

विषयः– **गौमुख भ्रमण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक पत्र के कम में निवेदन करना है कि गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क, गंगोत्री राजि के अन्तर्गत दिनांक 16.11.2022 एवं 17.11.2022 मेरे नेतृत्व में इस राजि के फील्ड कर्मियों की एक टीम गौमुख भ्रमण पर गई थी। भ्रमण के दौरान देखने में आया कि गौमुख से भागीरथी नदी का प्रवाह पूर्वत दिशा एवं स्थिति में अपने बहाव में निरन्तर बह रही है। नदी के बहाव में किसी भी प्रकार का कोई परिवर्तन नही है और ना ही गौमुख क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थिति में कोई परिवर्तन देखने में आया है।

अतः महोदय की सेवामें सूचना सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

दिनांक 19.10.2022

भवदीय

वन क्षेत्राधिकारी
गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क,
गंगोत्री रेंज,
उत्तरकाशी।

CamScanner